न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0)

पीठासीन अधिकारी :– बाबूलाल जाट, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या :– 94/2020 **GCMS No. 2020/00188**

प्रार्थी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

बनाम

अप्रार्थीगण

बंशीराम पुत्र कालूराम जाट चारणवास

उमाराम पुत्र जैसाराम जाट चारणवास वगैरह

आदेश

दिनॉक :– 25.9.2020

तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, सहमति पत्र मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का जिलिया व भू–अभिलेख निरीक्षक जिलिया एवं अभिशंषा तहसीलदार कुचामनसिटी का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार ग्राम जिलिया तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 261 262 260 264 266 277 278 1145 1146 1147 1148 246 247 248 249 250 251 252 253 254 255 256 257 258 259 में प्रभावित खसरा नम्बर 278 258 257 252 260 262 में मौके पर रास्ता चालू है एवं कदीमी रास्ता है जो काफी वर्षो से आवागमन के काम में आ रहा है, मौके पर रास्ता ग्राम चारणवास से लेकर खसरा नम्बर 278 तक जाता है जिसमें लगभग 15–20 परिवार आवागमन के रूप में उपयोग में लेते आ रहे है। परन्तु राजस्व अभिलेख एवं राजस्व नक्शे में उक्त रास्ते का अंकन नही है। साथ ही तहसीलदार कुचामनसिटी ने उक्त रास्ते को राजस्व अभिलेख में अंकित करने हेतु अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है। इस प्रकार यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार कुचामनसिटी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम जिलिया तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 262 260252 257 258 278 में से 3820 वर्ग मीटर रिपोर्ट पटवारी हल्का एवं भू.अ.निरीक्षक दिनॉक 20.08.2020 मुताबिक मौके पर चालू रास्ते का अंकन राजस्व रिकार्ड एवं राजस्व नक्शे में संलग्न नजरी नक्शा एवं मौका रिपोर्ट में वर्णित खसरा एवं रकबे माफिक मुताबिक करावें एवं पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

यह आदेश आज दिनॉक 25/9/2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(बाबूलाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2020.10.24 12:52:35 IST
Reason: SelfAttested